हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् 'ए' ग्रेड विश्वविद्यालय)
हिन्दी विभाग
समरहिल, शिमला-171005

दिनांक : 17.08.2019

आज दिनांक 17.08.2019 को सुबह 11:30 बजे स्नातकोत्तर स्तरीय शिक्षा समिति (B.O.S.P.G.) की बैठक हुई जिस में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रोफ़ेसर सरस्वती भल्ला | प्रोफ़ेसर एवं अध्यक्ष |
| 2. | प्रोफ़ेसर बैजनाथ प्रसाद | बाह्य विशेषज्ञ |

**बैठक में सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिए गए -**

निदेशक, अन्तर्राष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवं मुक्त अध्ययन केन्द्र (ICDEOL) द्वारा प्राप्त पत्र संख्या आईसीडीईओएल/23-4/2014-15/एचपीयू/एडमिन दिनांक 30 मार्च, 2019 के सन्दर्भ में शैक्षणिक परिषद द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवं मुक्त अध्ययन केन्द्र (ICDEOL) के विद्यार्थियों के लिए स्नातकोत्तर स्तर पर अंक विभाजन की व्यवस्था 'रैगुलर' विद्यार्थियों के समकक्ष करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसकी अनुपालना हेतु इसे अध्ययन मण्डल के सदस्यों के सम्मुख प्रस्तुत किया गया।

स्नातकोत्तर स्तरीय अध्ययन मण्डल द्वारा 2007 में पारित पाठ्यक्रमानुसार अन्तर्राष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवं मुक्त अध्ययन केन्द्र (ICDEOL) के विद्यार्थियों हेतु सत्रान्त परीक्षा 100 अंकों की सुनिश्चित की गई थी। रैगुलर विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षा 80 अंकों की थी तथा 20 अंक आन्तरिक मूल्यांकन हेतु निर्धारित किए गए थे।

सर्वसम्मति से स्नातकोत्तर अध्ययन मण्डल ने शैक्षणिक परिषद के निर्देशानुसार यह निर्णय लिया कि अन्तर्राष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवं मुक्त अध्ययन केन्द्र (ICDEOL) के विद्यार्थियों के लिए 100 अंकों का विभाजन 'रैगुलर' विद्यार्थियों के समकक्ष निम्नवत् रहेगा -

| | |
|---|---|
| **सत्रान्त परीक्षा** | **- 80 अंक** |
| **निर्दिष्ट कार्य/आन्तरिक मूल्यांकन** | **- 20 अंक** |
| **कुल** | **- 100 अंक** |

स्नातकोत्तर अध्ययन मण्डल ने इस निर्णय को पारित किया तथा इस अंक विभाजन को लागू करने की सहमति प्रदान की।

बैठक अध्यक्ष को धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सम्पन्न हुई ।

17/08/2019

(प्रोफ़ेसर सरस्वती भल्ला)
अध्यक्ष, हिन्दी विभाग एवं
अध्यक्ष अध्ययन मण्डल

17/08/2019
प्रोफ़ेसर बैजनाथ प्रसाद
बाह्य विशेषज्ञ